# हवन के साथ चौ. ईश्वर सिंह महिला शिक्षा महाविद्यालय का नया शैक्षणिक सत्र शुरू

पूंडरी, 13 अगस्त (अतुल): चौधरी ईश्वर सिंह महिला शिक्षा महाविद्यालय फतेहपुर-पूंडरी में नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 का शुभारंभ हवन, वैदिक मंत्रोच्चारण एवं चौधरी ईश्वर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्या डॉ. शकुंतला सिंगला की अध्यक्षता में हुआ, जबकि संयोजन डॉ. पुष्पा रानी और संगीता सिंगला ने किया।

हवन में प्राचार्या डॉ. शकुंतला सिंगला सहित महाविद्यालय की शिक्षिकाओं, गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों और छात्राओं ने श्रद्धापूर्वक भाग लेते हुए विधिवत आहुतियां डालीं। डॉ. शकुंतला सिंगला ने छात्राओं को नए शैक्षणिक सत्र की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान प्राप्त करना नहीं है, बल्कि छात्राओं में संस्कार, अनुशासन, आत्मविश्वास, नैतिक मूल्यों और नेतृत्व क्षमता का विकास करना भी है। उन्होंने छात्राओं से नए सत्र में पूरी लगन और मेहनत के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने का आह्वान किया।

प्रबंधक समिति के अध्यक्ष चौधरी तेजवीर सिंह ने कहा कि शिक्षा के साथ संस्कारों का समावेश विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

संयोजिका डॉ. पुष्पा रानी और संगीता सिंगला ने कहा कि हवन भारतीय संस्कृति और परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ सकारात्मक ऊर्जा और मंगलकामनाओं के साथ करने से छात्राओं में भारतीय संस्कारों एवं सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ती है। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के साथ हुआ।



शकुंतला सिंगला, शिक्षिकाएं एवं छात्राएं। (अतुल)

दैनिक भास्कर कैथल भास्कर 14-08-2026

## ॥ समाज-संस्था ब्रीफ ॥

# हवन के साथ चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय में नए सत्र का शुभारंभ



पूंडरी | चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय में गुरुवार को नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 का शुभारंभ हवन एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय संस्थापक चौधरी ईश्वर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई। इसके बाद प्राचार्या डॉ. शकुंतला सिंगला, शिक्षिकाओं, गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों और छात्राओं ने हवन में आहुति दी। प्राचार्या डॉ. शकुंतला सिंगला ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान प्राप्त करना नहीं, बल्कि छात्राओं में संस्कार, अनुशासन, आत्मविश्वास, नैतिक मूल्यों और नेतृत्व क्षमता का विकास करना भी है। प्रबंधक समिति अध्यक्ष जवीर सिंह ने नए सत्र की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम संयोजक डॉ. पुष्पा रानी और संगीता सिंगला ने हवन को भारतीय संस्कृति और परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया। समापन प्रसाद वितरण से हुआ।

